इन्क़िलाबी नज़र

आवाज़ ... आम आदमी की

लखनऊ, मंगलवार, 10 फरवरी 2026

विश्वास वह पक्षी है जो प्रभात के पूर्व अंधकार में ही प्रकाश का अनुभव करता है और गाने लगता है।
- रवींद्रनाथ ठाकुर

वर्ष 18 अंक 160 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12

तापमान - अधिकतम 26.4°C (+1.6) न्यूनतम 10.0°C(-0.2) सेंसेक्स 84,065.75 (+485.35) निफ्टी 25,867.30 (+173.60) सोना 1,58,060 चांदी 3,00,000 मुद्रा - डालर 90.79 दिरहम 24.72 रियाल 24.21

जनभवन में प्रादेशिक शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी

सुन्दर सारस जोड़े के लिए एरा विश्वविद्यालय को प्रथम पुरस्कार

⊙ राज्यपाल ने एरा विवि के वाइस चांसलर प्रो. अब्बास अली महदी को ट्राफी और प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

लखनऊ (ब्यूरो)। जनभवन में आयोजित प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2026 में निजी विश्वविद्यालयों की श्रेणी में एरा विश्वविद्यालय लखनऊ को सबसे सुन्दर सारस का जोड़ा बनाने के लिए प्रथम पुरस्कार मिला है।

सोमवार को जनभवन में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में महामहिम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने एरा विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर प्रो.अब्बास अली महदी को प्रथम पुरस्कार के रूप में राज्यपाल चल वैजंती ट्राफी और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह, अपर मुख्य सचिव एवं विशेषकार्यधिकारी राज्यपाल सुधीर एम बोबड़े, अपर मुख्य सचिव उद्यान बीएल मीणा, डीजीपी राजीव कृ ष्ण, निदेशक उद्यान वीपी राम, संयुक्त निदेशक सर्वेश कुमार समेत उद्यान एवं विभिन्न विभागों से जुड़े अधिकारी, अन्य श्रेणियों के पुरस्कार विजेता, किसान और बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

प्राकृतिक फूलों से निर्मित आकृतियों में राजकीय विश्वविद्यालयों में छत्रपति शाहू जी महराज को श्रीकृष्ण जी के अधरों पर सुशोभित बांसुरी के लिये प्रथम तथा एकेटीयू द्वारा प्रदर्शित ब्रह्मोस मिसाइल व लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा निर्मित श्री राम दरबार को द्वितीय पुरस्कार, कृषि तथा पशु चिकित्सा विश्वविद्यालयों में पंडित दीन दयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय मथुरा द्वारा निर्मित गोवर्धन पर्वत चक्रधारी श्री कृष्ण की उंगली पर टिका हुआ गाय की थीम पर को प्रथम व कृषि विश्वविद्यालय, बांदा को सुदर्शन चक्र व शंख की प्रतिकृति के लिए द्वितीय, राजकीय संस्थाओं में लखनऊ विकास प्रधिकरण को वंदे मातरम 150 वर्ष पूर्ण होने पर बंकिम चंद्र चटर्जी आनंदमठ, व उप्रआवास विकास परिषद को आपरेशन सिंदूर की थीम पर आधारित सजावट कार्य के लिए प्रथम, नगर निगम, लखनऊ को रूफ टाप गार्डिनिंग के लिए द्वितीय, राजकीय विभागों में समुद्री थीम पर समुद्री जीवो का प्रदर्शन के लिए राजकीय उद्यान लखनऊ व जय जवान के लिए मुख्य सुरक्षा अधिकारी जन भवन को द्वितीय, उत्तर रेलवे को नंदी व शिवलिंग के लिए प्रथम पुरस्कार साथ ही रक्षा उपकरणें के प्रदर्शन के लिए सेना को विशिष्ट पुरस्कार प्रदान किया गया।

राज्यपाल ने प्रदर्शनी में इस वर्ष प्रथम बार कुल 23 वर्गों में सर्वाधिक अंक विजेता प्रतिभागी कमशः ओम यादव, अमन मौर्या, रीना सिंह, हसरत अली, रमा करोलिया, विश्वनरायण श्रीवास्तव, लालू गौतम, ओम प्रकाश मौर्या, राजकुमार चौरसिया, जयकरन, सचिन कुमार गुप्ता, सचिव एलडीए, निदेशक सीमैप, रंजन प्रकाश ठाकुर पुलिस महानिदेशक, वरिष्ठ रजिस्ट्रार मा उच्च न्यायालय, अधीक्षक जिला कारागार गौतम बुद्धनगर, रंगोली जन शिक्षण संस्थान, अजय सिंह रायबरेली, अधीक्षक जन भवन को एक-एक चल वैजयन्ती व 5100 रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। साथ ही इसी कम में प्रदर्शनी के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्श भाग-1 क्लास-2 के वर्ग 29 में 6-गमलों में जाड़े के मौसमी फू लों के पौध के प्रदर्शन के लिए अधीक्षक जन भवन को 5100 रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया। इसके साथ ही राज्यपाल ने क्विज, लेटर राइटिंग एवं स्टाम्प डिजाइन प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले स्कूली बच्चों में को सम्मानित किया।